तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 सितंबर 2024





12 पोषण युक्त आहार लेने से ही शरीर स्वस्थ...





12 महाविद्यालय में विभागीय शोध समिति की हुई ...




## खबर संक्षेप

### महुआ शराब का परिवहन करते दो पकड़ाए

महसामुंद। सिंघोड़ा थाना पुलिस ने मल्दामाल चौक के पास अवैध महुआ शराब का परिवहन करते दो लोगो को पकड़ा। जानकारी के अनुसार मंगलवार को परसापाली से पैकिन की ओर दो व्यक्ति एक काला कलर की टीवीएस जुपीटर स्कुटी क्रमांक सीजी 06 जीटी 7342 में मनोज कुमार, लोकनाथ कुमार द्वारा अवैध रूप से हाथ भठ्ठी निर्मित देशी महुआ शराब परिवहन कर रहे थे, जिसे सूचना 5-5 लीटर क्षमता वाली 2 नग प्लास्टिक झिल्ली मे भरी हुई कुल 10 लीटर महुआ शराब कीमती 2 हजार रुपए के साथ पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो लोगों से 19 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना थाना पुलिस ने दो अलग- अलग जगहों से कुल 19 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ दो लोगो को गिरफ्तार किया। ग्राम उड़ेला मेन रोड पुल के पास सुकलाल जांगड़े पिता स्व. साहस राम जांगड़े 45 साल साकिन केंवटापाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से एक सफेद कलर की 10 लीटर वाली प्लास्टिक जरकीन में भरी हुई 7 लीटर हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 1400 रुपए एवं ग्राम रसोडा के खेत जाने के रास्ते में प्रकाश बाघ पिता बलराम बाघ 60 साल साकिन रसोडा के कब्जे से 12 लीटर कीमती 2400 रुपए को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

# बंद मिला कन्या छात्रावास का सीसीटीवी कैमरा, दो को एससीएन

## कलेक्टर ने किया आदिवासी छात्रावास का निरीक्षण, सप्ताह भर में व्यवस्था दुरुस्त करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कन्या छात्रावास का सीसी टीवी कैमरा साल भर से बंद मिला, पंखे बंद मिले। खिड़कियों में जाली नही होने के कारण सांप बिच्छू का भय साथ ही स्टाक पंजी का संधारण नही किए जाने जैसी गंभीर खामियों के चलते कलेक्टर ने तत्काल पटेवा स्थित प्री मेट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रवास अधीक्षिका श्रीमती अंजू पटेल और मंडल संयोजक टंडन को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर विनय लंगेह ने आज शाम प्री मेट्रिक कन्या और बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से आत्मीय रूप से अध्ययन और अन्य मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कीचन, शौचालय और शयन कक्ष मे जाकर साफ सफाई और अन्य सुविधा का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, सहायक आयुक्त आदिवासी शिल्पा साय मौजूद रहे।

**दिखाई सख्ती, कहा- बिना अनुमति कोई न आए मिलने:** कलेक्टर ने कर्मचारियों से कहा कि आश्रम मे संबंधी सभी व्यवस्थाएं एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त करें। कलेक्टर ने निरिक्षण के दौरान कीचन, शौचालय, बच्चो के शयन कक्ष का भी निरीक्षण किया उन्होंने यहां कक्ष की खिड़कियों में जाली लगाने और साफ सफाई रखने की निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा की सभी पंखे चालू हालत में रहे। कलेक्टर लंगेह ने यहां स्टाक पंजी, आगंतुक पंजी और पालक पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कन्या छात्रावास में बिना लिखित अनुमति के कोई भी मिलने ना आए।

### कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशानिर्देश

उन्होंने कहा कि बच्चों को समय पर भोजन मिलना सूनिश्चित हो और समय-समय पर स्वास्थ्य चैकअप किया जाए। कलेक्टर ने सीसीटीवी कैमरा 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने यहां अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी निरंतर सजग रहने निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा की मेनू के अनुसार ही बच्चों को भोजन दिया जाए। तत्पश्चात उन्होंने पटेवा स्थित बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से चर्चा कर अध्ययन और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों से बात करते हुए कहा की यहाँ पढ़ाई ही मुख्य उद्देश्य है, आप अच्छे से पढ़ें और अपना कैरियर बनाएं। उन्होंने बच्चों की मांग पर यहां क्रिकेट किट, वालीबॉल, बैडमिंटन, और लूडो खेल के लिए सामग्री प्रदान करने की निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने यहां साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश भी दिए हैं।



## समस्या: सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के 75 पदों में 35 रिक्त, कार्यरत केवल 40

# पशु अस्पताल ही बीमार, कैसे होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य सरकार पशुपालन के विकास और इनके नस्ल सुधार के लिए कई तरह की योजनाएं बना रही हैं। दूसरी ओर जिले के पशु औषधालय में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के अभाव के कारण गांवों में पशुओं का उपचार करने का कार्य परिचारक संभाल रहे हैं। ऐसे में पशुओं के समुचित रूप से उपचार का संकट छाया हुआ है। आलम यह है कि पशु औषधालय में खाना पूर्ति के लिए एक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को 20 से 30 गांवों का जिम्मा सौंपना पड़ रहा है।

महासमुंद जिले के पांच ब्लॉक में कुल 12 पशु चिकित्सालय एवं 44 पशु औषधालय हैं। इन चिकित्सालय एवं औषधालय में 22 पशु शल्य चिकित्सक एवं 75 सहायक चिकित्सा अधिकारी स्वीकृत किए गए हैं। जिले में पशु चिकित्सालय के अनुरूप शल्य चिकित्सक तो पर्याप्त हैं। लेकिन, सहायक चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की वर्षो से 35 पद रिक्त है। इससे पशु पालक परेशानी में है। पशु पालकों ने बताया कि यह समस्या कई बार शासन प्रशासन के पास रखी गई है। लेकिन, इसके बाद भी यहां सहायक पशु चिकित्सक पदस्थ नहीं की जा रही है। उपचार कराने के लिए चिकित्सक का कई दिनों तक इंतजार करना पड़ जाता है, जिससे मवेशियों को समय पर इलाज की सुविधा नहीं मिल पाती है।





### साढ़े 11 हजार पशुओं में एक चिकित्सक

वर्ष 2023 के पशु संगणना के अनुसार जिले में कुल 4 लाख 68 हजार 608 पालतू पशु हैं, जिसमें 3 लाख 5 हजार गौ वंशीय, 21 हजार भैंस वंशीय, एक लाख 23 हजार बकरी और बाकी अन्य पशु है। इस तरह जिले में पदस्थ 40 पशु सहायक क्षेत्र अधिकारी को करीब 11 हजार पशुओं के टीकाकरण, उपचार आदि की जिम्मेदारी है। चिकित्सक की कमी के कारण सबसे ज्यादा समस्या पशुओं को समय पर उपचार नहीं मिल पाता।

### 23 साल बाद पशु रोगी कल्याण समिति को किया गया सक्रिय

वर्ष 1999 में मध्यप्रदेश शासन के दौरान वर्ष 1999 में पशु रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया था, जिसमें इलाज के लिए चिकित्सालय लाने वाले पशु पालकों से पंजीयन के रूप में 10 रुपए से 25 रुपए तक राशि लेने का प्रावधान है। लेकिन, यह समिति 23 वर्षो से महासमुंद जिले में निष्क्रिय रहा। जबकि, प्रदेश के अन्य जिलों में लागू है। कलेक्टर लंगेह की पहल पर फिर से शुरू किया गया।

### स्थानीय को प्रशिक्षित कर किया जा रहा कार्य

उप संचालक पशु डॉ अंजना नायडु ने बताया कि पशु विभाग में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के कुल 35 पद रिक्त हैं। शासन को रिक्त पदों की भर्ती के लिए मांग की गई है। फिलहाल ग्रामीण क्षेत्र में पशु धन विकास विभाग द्वारा स्थानीय व्यक्ति प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधारण कार्यकर्ता के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, जो विभागीय अमलों के साथ समन्वय स्थापित कर गर्भाधारण के अलावा टीकाकरण में सहयोग करते हैं।

# बाइक से गिरकर युवक की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया से पिलवापाली के मध्य रोड पर बाइक में पीछे बैठे व्यक्ति के गिरने से मौत हो गई। प्रार्थी दीनदयाल यादव पिता ईतवारी यादव 40 वर्ष ने बताया कि 8 जुलाई को उसका बेटा डिगेश्वर यादव, भांजा महेश यादव शादी में शामिल होने पिलवापाली गए थे। किसी काम से पिथौरा से पिलवापाली जाते समय भानू यादव भिथीडीह के मोटर सायकल को मेरा भांजा महेश यादव चला रहा था। पीछे में मेरा बेटा डिगेश्वर बैठा था कि ग्राम पिलवापाली कौडिया के मध्य रोड में तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर गिरने से मेरे बेटे को गंभीर चोंट आई, जिसके ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। आरोपी मोटर सायकल क्र सीजी 06 जीडब्लु 7823 के चालक महेश यादव के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### अवैध महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम नवाडीह के एक घर से अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। पुलिस ने बताया है कि मंगलवार को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम नवाडीह में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छत्तर सिंह ठाकुर के कब्जे से 7 लीटर कीमती 1400 रुपए की महुआ शराब जब्त किया है।




**खबर संक्षेप**

### शराब का अवैध परिवहन करते युवक गिरफ्तार

**महासमुंद**। बागबाहरा थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन में अवैध शराब का परिवहन करते एक व्यक्ति को पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक दिलीप चौहान के घर सामने वार्ड नं. 1 भानपुर झलप रोड बागबाहरा के कब्जे से उसकी बिना नंबर प्लेट वाली स्कूटी के सीट के नीचे डिक्की से 3 पृथक-पृथक बाटल 2-2-2 लीटर वाली में भरी महुआ शराब जुमला शराब 6 लीटर, कीमती 1200 रुपए एवं परिवहन स्कूटी कीमती एक लाख रुपए को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### बैठक के संबंध में बात करने पर मारपीट

**महासमुंद**। सीटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खट्टी में बैठक को लेकर युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी अमित कुमार साहू वार्ड नंबर 11 खट्टी निवासी ने पुलिस को बताया है कि गुरूवार को बैठक के संबंध में बात करने पर देवकुमार साहू आवेश में आकर अश्लील गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। साथ ही दिलीप साहू, सोनू साहू व पवन साहू द्वारा भी उससे गाली गलौज की गई व जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने मामले की शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### पितर निमत्रंण पर गए परिवार के साथ मारपीट

**महासमुंद**। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव मे पितर निमत्रंण पर गए एक परिवार के साथ मारपीट करने की घटना सामने आया है। जेठूराम पुरेना ग्राम लाफिनकला थाना महासमुंद निवासी ने थाने में शिकायत दर्ज कराया है कि मंगलवार को पिता यादूराम पुरेना, मां धनेश्वरी पुरेना, भाई सुकालू राम पुरेना व मामा धन्नू मारकण्डे सभी पितर निमत्रंण पर बुआ भागबती के घर ग्राम नवागांव गए थे। दोपहर को भोजन करने बैठे ही थे कि फूफा राजकुमार गायकवाड द्वारा बुआ भागबती के साथ वाद विवाद करने लगा, जिसे पिताजी यादूराम पुरेना द्वारा मना करने पर राजकुमार द्वारा पिताजी को अश्लील गाली देते हुए मारपीट किया। जिसे बीच बचाव किए जाने पर उसे और उसकी मां के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी राजकुमार पर धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### डॉ. बीना गिडवानी विश्व के प्रभावशाली वैज्ञानिकों की सूची में हुईं शामिल

**रायपुर**। कैलिफ़ोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा एल्सेवियर आई सी एस आर लैब के माध्यम से विभिन्न मापदंडों व सूचकों को ध्यान में रखते हुए। कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के डिपार्टमेंट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल क्वालिटी अस्स्युरेन्स की सह प्राध्यापक (एसोसिएट प्रोफेसर) डॉ. बीना गिडवानी ने प्रतिष्ठित स्थान अर्जित किया है, जो ज्ञान को आगे बढ़ाने और संबंधित क्षेत्र के प्रति योगदान को रेखांकित करता है।

### हाईवे पर तेंदुआ, धरसींवा-तिल्दा इलाके में आया नजर राहगीरों ने बनाया वीडियो



**रायपुर**। राजधानी से महज 27 किमी. दूर तिल्दा ब्लॉक के कुथरेल गांव में तेंदुआ देखे जाने के बाद दहशत फैल गई है। सूचना पर वन विभाग ने आसपास अलर्ट जारी कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। तेंदुआ पिछले तीन दिन से सिमगा, धरसींवा और तिल्दा इलाके में मंडरा रहा है। कुथरेल के मेनरोड ओवरब्रिज के नीचे गुर्राते बैठे तेंदुआ का कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो ब्रिज के आसपास से गुजरने वालों ने अपने मोबाइल पर बनाया है। मंगलवार को तेंदुए की मौजूदगी की सूचना वन विभाग को दी गई, जिसके बाद आसपास के गांवों में अलर्ट जारी किया गया और वन अमला विभिन्न संसाधनों के साथ उसकी तलाश में जुट गया है।

# उपाध्याय का जीवन सादगी, निष्ठा, और त्याग का आदर्श उदाहरणः योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपाजनों के साथ स्थानीय बरोंडा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात जिला भाजपा कार्यालय में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन आदर्श को स्मरण किया।

इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वें एक सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक मेधावी छात्र, संगठक लेखक, विचारक, राष्ट्रवादी और एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। वे भारतीय राजनीति और विचारधारा के क्षेत्र में अपनी एकात्म मानववाद के सिद्धांत के लिए प्रसिद्ध हैं। उनका जीवन सादगी, निष्ठा, और त्याग का आदर्श उदाहरण था और उन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य के रूप में उन्होंने एक सशक्त राष्ट्रवाद की नींव रखी, जो आज भी भारतीय राजनीति में एक प्रेरणा का स्त्रोत है। इसी से प्रेरणा लेते हुए हमें भी अपने जीवन को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करना है। उनके आदर्शों को हमें जीवंत रखना है। पंडित जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रचारक के रूप में भी सेवाएं दी है। उन्हें भारतीय जनसंघ के महासचिव की जिम्मेदारी भी दी गई थीं। वहीं वर्ष 1967 में पंडित जी जनसंघ के अध्यक्ष भी बने। जनसंघ को ही आज हम भाजपा के रूप में जानते हैं। उसी विचार और आदर्श से हमें भाजपा को और आगे ले जाना है। देश के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा किए गए गए कार्यों को हमें सदैव याद रखना है।

इस दौरान पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, सतपाल सिंह पाली, प्रकाश शर्मा, एम आर विश्वनाथन, प्रलय थिटे, माधव राव टांकसाले, रमेश साहू, सुधा साहू, झनक लाल साहू, पवन पटेल, कौशिल्या बंसल, देवेंद्र चंद्राकर सहित अन्य नेतागण, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बारिश के दिनों में इस मार्ग पर पैदल चलना भी हो जाता है मुश्किल

# डायवर्सन नहर को सीसी रोड बनाने के लिए मंत्री के पास लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भोरिंग के करही भदेर खार की ओर स्थित खेतों में आने-जाने के लिए एकमात्र रास्ते में वर्षो से किसानों को बड़ी तकलीफ से गुजरना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में यह रास्ता दलदलनुमा बन जाता है, जिसमें पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। इन रास्ते को सीमेंटीकरण करने के लिए कई बार पंचायत के ग्राम सभा से लेकर महासमुंद जल संसाधन विभाग में किसानों द्वारा मांग किया जा चुका है। लेकिन, कई बरस बीतने के बावजूद अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मजबूर होकर जल संसाधन मंत्री को आवेदन सौंपकर सीसी रोड बनाने की मांग रखी गई है।

जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को सौंपे गए ज्ञापन में पोखन ढीढी, राजेन्द्र गिलहरे, नालसन ढीढी, ओसराम ढीढी, सूरज कुमार साहू, उपेन्द्र कुर्रे, जगत राम साहू ने बताया कि करही भदेर खार के खेतों की ओर बारिश के दिनों में जाने के लिए एक किमी तक डायवर्सन नहर का मेड़ ही एकमात्र रास्ता है, जिसमें बारिश के दिनों में चारपहिया वाहन चलने से बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं, जिसके चलते दुपहिया वाहन एवं पैदल यात्रियों का चल पाना मुश्किल हो जाता है। इस खार में भोरिंग के किसानों का करीब दो हजार एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि है, जहां पर किसानों को रोजाना आना-जाना पड़ता है।

दुपहिया वाहन एवं बैल गाड़ी नहीं चल पाने के कारण किसानों को खाद, दवाई आदि को कंधे पर लादकर ले जाना पड़ता है, जिससे किसानों को बड़ी तकलीफ से गुजरना होता है। इसलिए, इस मार्ग को सीसी रोड में तब्दील किया जाना अति आवश्यक हो गया है, जिससे किसानों को इस मार्ग पर आने जाने के लिए हमेशा के लिए सहुलियत हो सकें।

# अवैध परिवहन करते 2 ट्रेलर एवं 01 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

इसी तारतम्य में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा मंगलवार को औचक निरीक्षण के दौरान चूना पत्थर (गिट्टी) का अवैध परिवहन करते 02 ट्रेलर वाहन बसना - सरायपाली से जब्त किया गया। इसी तरह अन्य प्रकरण में राजस्व विभाग की जांच टीम ने चिंगरौद रोड से रेत का अवैध परिवहन करते हाइवा को जब्त किया। इस प्रकार अवैध परिवहन करते करते कुल 03 हाइवा को जब्त किया गया। जप्त वाहनों को संबंधित थाना सांकरा तथा थाना सिटी कोतवाली की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया है।

## हाट बाजारों में पोषण अभियान की दी जा रही जानकारी

**महासमुंद**। जिले के शहरी परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत पोषण माह अंतर्गत सुपोषण से कोई बच्चा छूटे ना इसलिए पोषण अभियान को जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ ही निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का वजन लिया जा रहा है। ताकि, बच्चों के पोषण स्तर की सही जानकारी मिल सके और जिन बच्चों में पोषण की कमी हो, उनके लिए उचित कदम उठाए जा सकें। आज शहरी परियोजना अंतर्गत महासमुन्द के इमली भाठा, मे संचालित वृंदावन स्कूल में जाकर वजन लिए गए। इसके अलावा, इस अभियान को व्यापक रूप से फैलाने के लिए एकता चौक, गुलशन चौक, इमली भाठा मे एवं स्थानीय हाट बाजारों में भी पोषण अभियान की जानकारी दी जा रही है। बाजार में आने वाले लोगों को सही पोषण, संतुलित आहार, और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस प्रकार से पोषण अभियान को आम जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान पार्षद देवीचंद राठी, राहुल चंद्राकर, सुजाता विश्वनाथन, परियोजना अधिकारी शैल नाविक, पर्यवेक्षक शीला प्रधान आदि मौजूद रहे।

## मुनगासेर ब्रांच का खुलना तय इसी साल अक्टूबर में खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि जब से जिला सहकारी बैंक हेड आफिस से कोमाखान ब्रांच कार्यालय से मुनगासेर में नया ब्रांच खोलने संबंधी कुल किसान, कुल लेनदेन, उसके अंदर आ सकने वाली कुल समितियों की जानकारी मांगी गई है। अंकित ने बताया कि मुनगासेर ब्रांच खुलना तय है और वो इसी साल के अक्टूबर में खुल जाएगी, चाहे कोई कुछ करे या ना करे और इसका पूरा श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच को और उनकी सरकार में मिली स्वीकृति को जाएगा।

अंकित ने बताया कि इस शाखा में 5 समिति बाघामुड़ा, मुनगासेर, गांजर, खेमड़ा, मोंगरपाली के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम शामिल रहेंगे। साथ ही अंकित ने बताया कि इससे लगभग 11 हजार किसानों को लाभ मिलेगा और प्रतिदिन लगभग 1करोड़ का लेनदेन होगा। अंकित ने बताया कि आज से लगभग 1 वर्ष, पूर्व भूपेश बघेल की सरकार में घोषणा हो चुकी थी। जिसके पश्चात 22 दिसंबर 2023 को जिलाधीश से मुनगासेर में नवीन शाखा खोलने हेतु कार्यालय भवन व भूमि की मांग की थी, जिस पर वो शासन के मापदंड के अनुसार भुगतान भी करना चाह रहा है। उसी के तारतम्य में 30 जुलाई 2024 को मुख्यालय ने पुनः भूमि व भवन के लिए जानकारी ली, जिस पर अक्टूबर में मूनगासेर में सोसाइटी भवन में फिलहाल नवीन शाखा खुलेगी।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा शिक्षा अंजोर भारत संस्था का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



सरकारी शिक्षा को असरकारी बनाने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु शिक्षा अंजोर भारत संस्था का गठन किया गया। संस्था का कार्य क्षेत्र पूरा भारत होगा और शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य हेतु संस्था के माध्यम से प्रेरित व सम्मानित किया गया। स्कूल शिक्षा सरकारी शिक्षा को बेहतर करने, ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने, बच्चों को सामाजिक मूल्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण के प्रति जागरूक करने देशभर में एक समान स्तर पर शिक्षण की सुविधा मुहैया कराने, बच्चों में राष्ट्रीय एकता के मूल्यों का समावेश करने के लिए भारत के सभी समर्पित सरकारी शिक्षकों को साथ लेकर पूर्णानंद मिश्रा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर की संस्था शिक्षा अंजोर भारत बनाने का निर्णय लिया गया।

सर्वसम्मति से शिक्षा अंजोर भारत का राष्ट्रीय संयोजक के रूप में पूर्णानंद मिश्रा, राष्ट्रीय संरक्षक के रूप में बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र नायक, महासचिव पूनम साहू, उपाध्यक्ष अनिल सिंह साव, कोषाध्यक्ष रीता पति एवं संस्थापक सदस्य के रूप में क्षीरोद्र कुमार पुरोहित, प्रेमचन्द साव, डिजेन्द्र कुर्रे, सूरत हाथी, धनीराम नंद, वारिश कुमार, संतराम बंजारा, वीरेंद्र कुमार कर, प्रेमानंद भोई, विद्याधर साव, ललिता विशाल, वीरेंद्र कुमार चौधरी, राजू साहू, संतलाल चौहान, नरेंद्र कुमार साव, नरेश कुमार मिश्रा, तिलक राम नायक, कमल कुमार साहू, अजय कुमार जायसवाल, उस्ताद अली, रीता पति, सुशील प्रधान, प्रवीर कुमार बेहरा, वीरेंद्र कुमार साहू, पूनम साहू, गजेंद्र नायक, हीराधर साव, गिरधारी साहू, शिवकुमार साहू, सालिकराम टण्डन सहित आदि संस्थापक सदस्य के रूप में नियुक्त हुए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक पूर्णानंद मिश्रा ने कहा कि इस संस्था के माध्यम से देश की संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करके विद्यालय, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्मार्ट बनाया जाएगा। शिक्षा व्यवस्था, शिक्षण विधियां को बेहतर कर सरकारी शिक्षा को बेहतर करने के लिए कार्य किया जाएगा। उपस्थित शिक्षकों द्वारा सर्वसम्मति से फुलझर अंचल बसना एवं छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित शिक्षक स्व. प्रेम सिंह साव के स्मृति में प्रतिवर्ष स्व. प्रेमसिंह साव आदर्श शिक्षक सम्मान समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस हेतु छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बसना के पूर्व अध्यक्ष, वर्तमान समन्वयक एवं स्व प्रेमसिंह साव के सुपुत्र अनिल सिंह साव ने कार्यक्रम हेतु प्रतिवर्ष सहयोग प्रदान करने की घोषणा किया गया। महासचिव पूनम साहू, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बसना के प्राचार्य क्षीरोद्र कुमार पुरोहित पुरोहित ने भी शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु किया जा सकने वाले प्रयासों एवं कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। वीरेंद्र कुमार कर, डिजेंद्र कुर्रे, प्रेमचन्द साव एवं उपस्थित शिक्षकों द्वारा भी अपना-अपना विचार प्रकट किया गया।

प्रतिवर्ष विकासखंड, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान समारोह एवं विभिन्न गतिविधियों के आयोजन करने हेतु भी ठोस निर्णय लिया गया। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के रुप में आनंद कुमार, सिक्किम प्रदेश अध्यक्ष के रुप में मुकुंदा धुंगेल, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोनू कुमार, तमिलनाडु से आर.मेहबूब खान, मध्यप्रदेश से रघुवर सोलंकी, गुजरात से हिम्मत भाई एस अंजारा, बिहार से अरविंद कुमार, ओडिशा सचिदानंद डड़सेना सहित विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष के रुप में नियुक्त किए गए।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन रैकिंग स्पर्धा का आगाज आज से

## प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 124 टीमें ले रहे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने बताया कि महासमुंद जिला बैडमिंटन संघ द्वारा राज्य स्तरीय अंडर 19 बैडमिंटन रैकिंग स्पर्धा का आयोजन 26 सितंबर दिन गुरूवार से किया गया है। स्पर्धा का शुभारंभ शाम 5 बजे से किया जाएगा।

इसी तरह प्रतियोगिता का समापन 30 सितंबर 2024 को शाम 5 बजे किया जाएगा। शुभारंभ व समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व बैडमिंटन संघ के संरक्षक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे।

उक्त जानकारी होते जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने आगे बताया कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का विषय है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी महासमुंद को मिली है। प्रतियोगिता में पूरे राज्य से कुल 124 टीमें भाग ले रहे हैं। श्री शर्मा ने बताया कि स्पर्धा के आयोजन के लिए तैयारी विगत 2 माह से संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा की जा रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ



26 सितंबर को शाम 5 बजे किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। अध्यक्षता कलेक्टर विनय कुमार लंगेह करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में एसपी आशुतोष सिंह, डीएफओ पंकज राजपूत, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे उपस्थित रहेंगे। इसी तरह समापन अवसर के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। अध्यक्षता नपाध्यक्ष राशि महिलांग करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पारस चोपड़ा, जय चोपड़ा, सौरभ बाफना, सन्नी लूनिया, प्रलय थिटे, यशवंत चंद्राकर, शैलेंद्र चोपड़ा आदि उपस्थित रहेंगे।

अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने बताया कि आयोजन सफल बनाने बैडमिंटन संघ के संरक्षक महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मार्गदर्शन में अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, सचिव घनश्याम सोनी, जिला बैडमिंटन संघ के पधाधिकारी कमलेश ध्रुव, गौरव चंद्राकर, अनुप उपासे, देवेंद्र चंद्राकर, मनीष श्रीवास्तव, संजय तिवारी, संदीप साहू, राजू साहू, सुदीप श्रीवास्तव, प्रदीप चंद्राकर, रोशन साहू विक्की, राघवेंद्र तोमर, रोमेश चंद्राकर, सुनील पाटिल, शैलेंद्र चोपड़ा, योगेश सोनी, राजा गुरुदत्ता, विवेक दबे, सौर्यकांत साहू, गिरीश विश्वकर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, कनक चंद्राकर, पियूष चोपड़ा, मलकीत मक्कड़, प्रकाश चंद्राकर, अंकित साहू, सागर ठाकुर, आशीष वर्मा, ढालू राम वर्मा, क्षत्रपाल चंद्राकर आदि ने जुटे हुए हैं।

# विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शहर के वार्डों में चलाया सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भाजपा सदस्यता अभियान के तहत शहर के वार्ड क्रमांक 07, 09 और 11 पहुंचे। यहां शिवशक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 180, 181, 199 और 200 में अभियान के तहत लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया।

बता दें कि देशभर में भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। मिस्ड कॉल, रेफरल लिंक आदि माध्यम से भाजपा की सदस्यता दी जा रही है। इस अभियान के तहत महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा लगातार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर पार्टी के पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर अभियान को तेजी से पूरा करने पर जोर दे रहे हैं। इसी तारतम्य में सदस्यता अभियान के तहत वे शहर के वार्ड क्रमांक 07, 09 और 11 के शिवशक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 180, 181, 199 और 200 में पहुंचे। वार्ड में पहुंचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का वार्डवासियों ने आरती उतारकर स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने आमजनों से मिलकर भाजपा की सदस्यता लेने के संबंध में जानकारी दी। लिंक के माध्यम से आमजनों को भाजपा का सदस्य बनाकर उन्हें बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती है। वे हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्हीं की विचारधारा से आज हमारी भाजपा चल रही है। इस विचारधारा से आप सभी भी जुड़कर देश के विकास में अपना योगदान दें। हमारी पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा की पार्टी है। इसी कारण देशभक्त नागरिक भाजपा से जुड़ रहें हैं। जल्द ही हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरू बनाने के सपने को साकार करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, निरंजना शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, माधवी सिका, मीना वर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, महेंद्र सिका, भगवती करकसे, सुनिता साहू, हेमकांति देवांगन, सरिका यादव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### भोरिंग स्कूल में हुआ साइकिल वितरण

**महासमुंद**। ग्राम भोरिंग हाईस्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष पोखन ढीढी, समिति के सदस्य सूरज साहू, सरपंच प्रतिनिधि राजेश साहू, ओशराम, नालसन, सुरेश साहू, देवनाथ, पूर्व सरपंच पालक शिवकुमार साहू, कौशल, भोली धीवर, राजेन्द्र गिलहरे आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नवम वार्षिक जन्मोत्सव संस्कार, वृक्ष गंगा अभियान आज

**महासमुंद।** धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी स्थित श्रीराम स्मृति उपवन स्थल में गायत्री प्रज्ञा पीठ खल्लारी (ईकाई) द्वारा शुक्रवार 27 सितम्बर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक भगवती देवी शर्मा की सूक्ष्म संरक्षण में रोपित तरू (पौधों, वृक्षों) के नवम वार्षिक जन्मोत्सव संस्कार, वृक्ष गंगा अभियान का आयोजन किया गया है। गायत्री प्रज्ञा पीठ खल्लारी ईकाई के संचालक मंडल ने आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उपरोक्त आयोजन की जानकारी राजकुमार देवांगन ने दी है।

### अनुकंपा नियुक्ति के लिए एसएसपी से की भेंट



**रायपुर।** दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ की प्रांताध्यक्ष माधुरी मृगे के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी माधुरी चंद्रा, अरुंधती शर्मा, प्रमोद चौबे, ज्योति व अन्य सदस्यों ने रायपुर एसएसपी संतोष सिंह, एडीएम देवेंद्र पटेल से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष ने आवेदन सौंपकर लंबित अनुकंपा नियुक्ति की मांग की ओर ध्यान आकर्षित कराया और योग्यता अनुसार समस्या के निराकरण की बात रखते हुए आग्रह किया। प्रदेश अध्यक्षा माधुरी मृगे ने कहा कि भाजपा सरकार पर पूर्ण विश्वास है। इसी विश्वास के साथ ही दो दिनों पहले मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और वित्त मंत्री से अनुकंपा संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने निवेदन भी किया।

### निधन

#### खूबचंद देवांगन



**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड 16 पुराना रावण भांठा निवासी 60 वर्षीय खूबचंद देवांगन का मंगलवार सुबह 10 बजे रायपुर के डीकेएस हॉस्पिटल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर बाद भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## कार्यक्रम : कुटेला स्कूल में हुआ आयोजन

# अपराधमुक्त समाज के लिए नैतिक शिक्षा की आवश्यकता : भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



समाज में बढ़ती हिंसा तथा अपराध एक चिंतनीय विषय है। नैतिक शिक्षा के द्वारा अपराध मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। नैतिक शिक्षा की कमी ही वर्तमान समय अपराधों के मूल कारण है । इसलिए अपराध मुक्त समाज के लिए नैतिक शिक्षा की आवश्यक है। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से पधारे हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहीं। वे आय ई एम बी एच हायर सेकंडरी स्कुल कुटेला में अपराधमुक्त समाज हेतु नैतिक शिक्षा की आवश्यकता विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि कुसंग, व्यसन, सिनेमा, मोबाईल और फैशन से आज की युवा पीढ़ी भटक रही है। इन्हीं कारणों से वर्तमान समय अपराध बढ़ते जा रहे हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार, इर्ष्या, नफरत आदि मनोविकारो के वश होने से अपराध होते है ।उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा द्वारा इन विकारो पर सयम कर अपराध मुक्त बन सकते है। नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिकता से ही युवा पीढ़ी को सही दिशा मिल सकती है। नैतिक शिक्षा से ही मानवीय मन में रचनात्मक और सकारात्मक चेतना का विकास होता है।

उन्होंने कहा कि हम विकसित देशों के लाइन में जाने की कल्पना कर रहे है । देश को विकसित बनाने में लगे हुए है लेकिन समाज में हो रहे युवा के द्वारा अपराध जिसे भावी समाज, देश व विश्व की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा वर्तमान का युवा भावी समाज है ।अगर भावी समाज को अपराध मुक्त बनाना चाहते है तो वर्तमान के युवाओं को नैतिक शिक्षा द्वारा अपराधमुक्त, संस्कारित और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। भगवान भाई ने कहा कि नैतिक शिक्षा से समाज में फैली हुई घृणा, नफरत, बैर विरोध और अहंकार को नष्ट किया जा सकता है। शिक्षा का मूल उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि चरित्रवान बनना, विकार, व्यसन, नशा और बुराइयों से स्वयं को मुक्त करना ही शिक्षा का मूल उद्देश्य होना जरुरी है। जो ज्ञान, अज्ञान रूपी अंधकार से ज्योति या प्रकाश की ओर असत्य से सत्य की ओर ले जाए वहीं सच्चा ज्ञान है। जब तक हमारे व्यवहारिक जीवन में परोपकार, त्याग, उदारता, नम्रता, सहनशीलता, आदि सदगुण नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है। प्रिंसिपल जे. एक्का ब्रह्माकुमारीज ऐसे कार्यक्रम की सहराना किया और कहा ऐसे कार्यकर्म युवा को सशक्त बनाकर अपराध मुक्त समाज बन सकता है। स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की संचालिका बी के आहिल्या बहन ब्रह्माकुमारी सस्था का विस्तार से परिचय दिया। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज कि राजयोग शिक्षिका बी के योगेश्वरी बहन ने बी के भगवान भाई जी का परिचय देते हुए कहा कि भगवान भाई ने भारत एवंम नेपाल के 8000 से अधिक स्कुलो और 1000 से अधिक जेलों (कारागृह) में नैतिक शिक्षा का पाठ पढाया है। जिस कारण उनका नाम इण्डिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज हो चुका है।




## पॉलीटेक्निक कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्थापना दिवस पर पॉलीटेक्निक महासमुंद में 24 सितंबर को प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्था के प्राचार्य ने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने स्वच्छता को समाज की बुनियादी जरूरत बताते हुए छात्रों और उपस्थित लोगों से स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें नुक्कड़ नाटक, गीत, नृत्य, पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और संस्था के सभी अधिकारी एवं छात्रों को स्वच्छता के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सिविल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभा मालीवाल, संस्था के सभी अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने मिलकर समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

# खिलेश्वर के परिजनों से मिले पूर्व विधायक, जताया शोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करणी कृपा पावर प्लांट में दुर्घटना में मृत युवक ग्राम भोरिंग निवासी स्व.खिलेश्वर साहू के घर जाकर पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत खिलेश्वर की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पश्चात चंद्राकर ने प्लांट में काम के दौरान घायल यशकुमार साहू के निवास जाकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान घायल यशकुमार साहू से चंद्राकर ने हाल जाना तथा कांग्रेस संगठन की ओर से उनके हक की लड़ाई में सदैव साथ रहने की बात कही। चंद्राकर ने कहा कि प्लांट प्रबंधन की लापरवाही से मजदूरों की मौत अत्यंत हदय विदारक घटना है। प्लांट प्रबंधन को सुरक्षा के पूर्ण व्यवस्था मजदूरों के लिए करना चाहिए। चंद्राकर ने करणी कृपा पावर प्लांट प्रबंधन के अधिकारियों से चर्चा कर इस मामले गहरी नाराजगी व्यक्त की और यशकुमार साहू को मुआवजा देने व ईलाज का संपूर्ण खर्च वहन करने की बात कही। चंद्राकर ने कहा कि विगत 9 माह से प्रदेश में भाजपा की सरकार है। क्या सरकार की प्रशासनिक तंत्र इस कदर कमजोर है कि पिछले 3 महीने से घट रही दुर्घटनाओं की जानकारी उन्हें नहीं मिली। और यदि प्लांट प्रबंधन की लापरवाही से दुर्घटनाएं हुई है तो इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। प्लांट यदि अवैध है तो इसे एनओसी कैसे मिली। एनजीटी की एनओसी केंद्र सरकार से मिलती है, केंद्र ने नियमों को ताक में रखकर एनओसी क्यों जारी किया। गरीब मजदूरों की मौत पर वर्तमान सरकार क्या प्लांट की एनओसी रद्द करेगी। इसके अलावा प्लांट में नियमों का पालन करने औद्योगिक स्वास्थ व सुरक्षा विभाग ने क्यों संज्ञान नहीं लिया। हादसे के जिम्मेदार दोषी अफसर व मामले को दबाने वाले लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इसका जवाब भाजपा सरकार को देना चाहिए।

## मुन्नालाल देवदास ऐतिहासिक पितर मानस महोत्सव के प्रेरणास्त्रोत:पवन




**महासमुंद।** विश्व प्रसिद्ध कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी में छठवें वर्ष 2024 में आयोजित ऐतिहासिक पितर मानस महोत्सव में छत्तीसगढ़ के अनेक मानस संघों को, मानस मंडलियों को और विशिष्ट व्यक्तियों को मां कौशल्या सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। और मानस गान के माध्यम से छत्तीसगढ़ के पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के संयोजक व संचालक हैं राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत्त प्रधान पाठक एवं साहित्यकार डॉ. मुन्ना लाल देवदास रहे और यह कार्यक्रम माता कौशल्या जन्मभूमि सेवा संस्थान चंदखुरी के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि मधुरिमा मानस परिवार महासमुंद के संस्थापक पवन चन्द्राकर ने अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में सम्मान राशि मंदिर समिति को दी और कहा कि पितर पर्व अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का पर्व है। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है। माता कौशल्या हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति के प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के मानस संघों को और कौशल्या मंदिर समिति को आपस में जोड़कर ऐतिहासिक पितर मानस महोत्सव मनाने का श्रेय डॉ. मुन्नालाल देवदास को है। वो हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। कमलेश साहू प्रवक्ता जिला मानस संघ महासमुंद ने दी।

# कर्मचारियों के लिए वेतन अनुदान की मांग पर आम सभा में प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित चरौदा की वार्षिक आम सभा की बैठक विगत दिनों समिति कार्यालय परिसर में हुई। भारत माता एवं छतीसगढ़ महतारी की जयकारों के पश्चात संस्था के प्राधिकृत अधिकारी संजय गुप्ता ने समस्त अंसधारी कृषकों का अभिवादन किया एवं आम सभा की शुरुआत की।

संस्था के प्रबंधक जयप्रकाश साहू ने आम सभा की विषयवार जानकारी उपस्थित कृषकों को छतीसगढ़ी भाषा में बताया तथा वर्ष 2023-24 के दौरान हुए आय ब्यय का सकल ब्यौरा दिया तथा समिति के लाभ में होने की बात बताई, जिसका उपस्थित किसानों ने तालियों की गड़गहाट के साथ सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। प्रबंधक साहू ने बताया कि सहकारी समिति मे अब लोक सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने का योजना बनाया गया है। जिसके स्थापित होने से किसानों को कार्यालय मे ही बिजली बिल भुगतान, ट्रेन हवाई जहाज टिकट, पैनकार्ड, आधार कार्ड सुधार, आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र जैसे कार्यों का आसानी से किफायती मूल्य पर सेवा दिया जाएगा। समिति में 10000 तक का लेन देन माइक्रो एटीएम मशीन से किया जा रहा है, जिसका लाभ किसानों को लेने की अपील भी आम सभा में किया गया। संस्था का गार्डन पूर्व अध्यक्ष पुरषोत्तम साहू के नाम पर नामकरण किया जाने का भी प्रस्ताव आम सभा में निर्णय किया गया।

- **संस्था का गार्डन पुरुषोत्तम साहू के नाम पर होगा, आम सभा में सर्वमत से लिया गया निर्णय**

उल्लेखनीय है कि संस्था मे कृषक गार्डन के लिए अहाता निर्माण का कार्य संस्था के ही सदस्य पूर्णिमा साहू के सहयोग से किया जा रहा है, जो पूर्व अध्यक्ष पुरषोत्तम साहू की पत्नी है। इनके माध्यम से किसानों की बैठने के लिए सीमेंट कुर्सियां भी लगाई जा रही है। संस्था में कार्यरत कर्मचारियों की मांग पर शासन से वेतन अनुदान के लिए प्रस्ताव भेजा जाने का भी निर्णय आम सभा में लिए गए है। आम सभा के पश्चात उपस्थित अधिकारी एवं किसानों द्वारा पौध रोपण का कार्य भी किया गया। गौरतलब हो कि सहकारी समिति चरौदा में हर खास मौके पर पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत 100 से अधिक पौधे विगत पांच वर्षो में लगाए जा चुके है।

### आमसभा में ये रहे मौजूद

आम सभा के दौरान प्रेमलाल सिन्हा शाखा प्रबंधक, भाजपा नेता भुवन साहू, रिंकू चेतन चंद्राकर, नारायण सिंह ठाकुर, राजकुमार गिरी गोस्वामी, रामनारायण साहू, देवक राम साहू, शिवकुमार साहू, टीकम सिंह ठाकुर, नारद सिन्हा, भेखलाल सिन्हा, केवाराम साहू, लाला खिलेश साहू परमानंद चंद्राकर, देवांनंद साहू, दिनेश साहू, रूपेश्वर चंद्राकर, भूषण नामदेव, तेजराम चंद्राकर, सुखराम ध्रुव, भुखनलाल पटेल, मीलराम साहू, नीलकंठ पटेल, मोहनलाल साहू, दिलीप साहू, तेजराम चंद्राकर, पोखन साहू, मिथुन यादव, युवराज साहू, पीलूराम साहू, नेतराम पटेल समेत कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा महासमुंद में 26 से 30 सितम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला बैडमिंटन संघ, खेल एवं युवा कल्याण तथा छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय योनेक्स सनराइज 23वीं अंडर 19 वर्ष बालक/बालिका बैडमिंटन रैंकिग चैंपियनशिप का 5 दिवसीय आयोजन 26 से 30 सितंबर 2024 तक स्थानीय फॉरेस्ट बैडमिंटन हाल में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से लगभग 130 खिलाड़ी शामिल होंगे।

प्रतियोगिता में कुल 5 इवेंट होंगे। बालक सिंगल, बालक डबल, बालिका सिंगल, बालिका डबल एवं मिक्स डबल आयोजित होंगे। इस प्रतियोगिता के आधार पर ही राष्ट्रीय स्तर के लिए खिलाड़ी चयनित होंगे। इस प्रतियोगिता को लेकर जिला बैडमिंटन संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य काफी उत्साहित है। खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे ने आयोजन की तैयारियों, आवास व्यवस्था, भोजन संबंधित जानकारी खेल संघ से लेते हुए तैयारियों का निरीक्षण किया।

जिला बैडमिंटन सचिव घनश्याम सोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक महासमुंद के आतिथ्य में 26 सितम्बर को शुभारंभ होना है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए महासमुंद जिला बैडमिंटन संघ द्वारा विगत दिनों जिला संघ के संरक्षक योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद के साथ संघ के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई थी, जिसमें मुख्य रूप से जिला संघ के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश ध्रुव, सचिव घनश्याम सोनी, उपाध्यक्ष अनूप उपासे, संजय तिवारी, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, संदीप साहू, राजू साहू, प्रदीप चंद्राकर, रोमेश चंद्राकर, राघवेन्द्र तोमर, उमेद बाफना उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बलौदा बाजार, बालोद, बिलासपुर, कोरबा सरगुजा, सुकुमा, बस्तर, रायगढ़ जिले के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी 19 से 25 नवम्बर तक भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।



## आरोग्य सलडीह में मनाया गया वयोवृद्ध दिवस

**बसना।** शासन के निर्देशानुसार एवम मुख्य चिकित्सा अधिकारी महासमुंद एवम खंड चिकित्सा अधिकारी पिथौरा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत वयोवृद्ध दिवस आयुष्मान आरोग मंदिर पवित्रा पीएचसी सलडीह में मनाया गया। जिसमें समस्त वृद्धजन को गुलाल लगाकर एवम श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही सभी का वयोवृद्ध स्वास्थ्य कार्ड बनाया गया। शिविर में डॉ प्रगति गुप्ता चिकित्सा अधिकारी सलडीह द्वारा सभी वयोवृद्ध को नियमित व्यायाम, अच्छी खान पान, बीपी, शुगर के मरीज को रेगुलर चेकअप एवम संतुलित आहार एवं नशामुक्ति के बारे में बताया गया। सभी वयोवृद्ध का नेत्र जांच बीपी, सुगर और अन्य जांच किया गया एवम निशुल्क दवाई वितरण किया। वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से डॉ प्रगति गुप्ता चिकित्सा अधिकारी सलडीह, मनीष कुमार भारद्वाज ग्रामीण चिकित्सा सहायक (प्रभारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी सलडीह) फार्मासिस्ट, नेत्र सहायक अधिकारी, स्टाफ नर्स, एएनएम एवं अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।



## पितृ पक्ष में मुक्तिधाम समिति ने कराया श्राद्ध भोज

**महासमुन्द।** शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा शहर के दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में पितृपक्ष माह में सामूहिक श्राध्दभोज का आयोजन किया गया। मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि विगत 20 वर्षो से समिति के सदस्यों ने जिले में लावारिश, गरीब, बेसहारा परिवार के लगभग 800 मृतकों का अंतिम संस्कार किया है। और समिति के सदस्य प्रति वर्ष साल भर में अंतिम संस्कार किये गए मृतक आत्मा की शांति के लिए कई वर्ष से आशियाना वृद्धाश्रम में श्राद्ध भोज का आयोजन करते आ रहे है। इस वर्ष भी समिति के सदस्यों द्वारा वृद्धाश्रम में विधिविधान से पूजा अर्चना कर शांति भोज कराया गया। कार्यक्रम में मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य राजू चन्द्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, संजय साहू, मोहन बावनकर, गोपाल वर्मा, गुमान चंद जैन, मनोज पटेल, डॉ एजाज नकवी, विजय ठाकुर, आशियाना वृद्धाश्रम प्रभारी श्रीमती उषा साहू सहित स्टाफ के कार्यकर्ता और वृद्धजन उपस्थित रहे।



## बैंक आफ बड़ौदा शाखा नर्रा में दो दिनों से लिंक फैल होने से खाताधारी परेशान

**नर्रा।** बैंक आफ बडोंदा शाखा नर्रा में दो दिनो से लिंक सर्वर फेल होने से बैंकिंग कार्य यानी लेनदेन भी ठप पड़ा हुआ है। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा नर्रा के खाताधारियों ने बताया कि दो दिनों से आ रहे अपने जमा पूंजी व राशि निकलने पहुंच रहे हैं। लिंक सर्वर फैल होने से खाताधारी मायूस होकर लौट रहे है। इस संबंध बैंक के कर्मचारी से जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि बीते सोमवार रात्रि में तेज अंधड़ एवं जोरदार गर्जना के साथ बारिश हुई है। इसी आसमानी बिजली की वजह से लिंक सरवर में तकनीकी खराबी आई है। शीघ्र सुधार की बात कही गई है।



## एक ही वर्ष में दो बार सावित्रीबाई फूले शिक्षक सम्मान से शिक्षक डॉ. विवेकानंद दास सम्मानित

**बसना।** किसी शिक्षक को एक ही वर्ष में अलग-अलग प्रदेशो में किसी अकादमी या फाउंडेशन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाना बहुत ही गर्व की बात है। हम बात कर रहे है शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक शाला बसना में पदस्थ शिक्षक डॉ. विवेकानन्द दास की। जो शिक्षा, समाज सेवा, खेल, कला, संस्कृति सहित कुशल वक्ता के रूप में क्षेत्र में वन इन आल के रूप में खास पहचान बनाई है। जिन्हें 03 जनवरी 2024 को शांति फाउंडेशन गोंडा उत्तरप्रदेश द्वारा एवं 22 सितम्बर को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा भी सावित्रीबाई फूले उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यही नही 14 सितम्बर 2024 को एक बार फिर डॉ.विवेकानन्द दास को शिक्षण के प्रति जुनून और युवा दिमागों को पोषित करने की प्रतिबद्धता के चलते शिक्षक, कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2024 से नवाजा गया। जबकि डॉ.विवेकानन्द दास को इसी वर्ष 24 अगस्त 2024 को भारत शासन के संविधान क्लब दिल्ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से शिक्षा, साहित्य, खेल प्रोत्साहन और समाजसेवा के क्षेत्र में प्रदान की गई है। इनकी सफलता से बसना नगर ही नहीं अपितु पूरे अंचल में हर्ष व्याप्त है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर त्रिवेणी चन्द्राकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत में एक महान विचारक और एक राजनेता हुआ करते थे और भारतीय जनसंघ पार्टी को बनाने में इनका अहम योगदान रहा है।

### वारिसानों को सोलेशियम फंड से राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटर दुर्घटना के लिए मोटरयान अधिनियम के टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से चोट लगने से मृत्यु एवं घायल होने पर सोलेशियम फण्ड से प्रतिकर के रूप में निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इनमें महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम झलप निवासी बासंती महांती की मृत्यु होने पर उनके पुत्र घनश्याम महांती के लिए 25 हजार रुपए एवं ग्राम पाटनदादर निवासी फिरतूराम के गम्भीर रूप से घायल होने पर उनके पुत्र कांशीराम साहू के लिए 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 921.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 921.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 1260.8 मिलीमीटर, बसना में 1019.8 मिलीमीटर, बागबाहरा में 897.0 मिलीमीटर, महासमुंद में 835.3 मिलीमीटर, कोमाखान में 769.4 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 745.3 मिलीमीटर सरायपाली तहसील में दर्ज की गई। आज 25 सितम्बर को 18.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में कोमाखान तहसील में 33.9 मिलीमीटर, बागबाहरा में 26.7 मिलीमीटर, बसना में 17.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 12.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 12.5 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 11.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### गठिया रोग की जांच आज

महासमुंद। स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुन्द मेडिकल स्टोर्स में 26 सितंबर गुरुवार को समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गठिया रोग के लक्षण हाथ पांव की ऊंगलियां तिरछी होना, त्वचा एवं चेहरे पर लाल चट्टे आना, जोड़ों में दर्द, सूजना, अकड़ना, बार-बार मुंह में छाले होना, बार-बार बुखार आना, घांव का न भरना, आंखों एवं त्वचा का बार-बार सूखना, हाथ पांव की ऊंगलियां नीली, सफेद या काली पड़ना। जिसमें डॉ. बीबी कुमार (एमडी, मेडिसीन) एफआईपी एम, (जॉन हाफकिन्स, अमेरिका) फेलोशीप इन रुमेटोलाजिस्ट उपलब्ध रहेंगे।

### श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार 29 तक

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कृष्णसखा सोसाइटी में श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन 22 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। इसमें आचार्य अनिकेत कृष्ण शास्त्री बृजबिहारी सरकार द्वारा श्रीमदभागवत कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक रखा गया है। आचार्य अनिकेत कृष्ण शास्त्री ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि गौतम परिवार द्वारा रोहणीपुरम स्थित कृष्णसखा सोसाइटी में यह आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा में समस्त शास्त्रों का सार है और जीवन का व्यवहार भी इसमें छिपा हुआ है।

## आयोजन : राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का किया गया आयोजन

# सेवा करना राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है: डॉ. पी.साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.पी.साहू सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक हिंदी अध्यक्षता प्राचार्य पीके भोई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मेघनाथ सिद्धार्थ विभागाध्यक्ष भूगोल मंचासीन थे।

सर्वप्रथम विद्या की देवी सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति कामिनी एंड ग्रुप द्वारा किया गया एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दलनायक सविता भोई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य सिद्धांत प्रिया खड़ायत के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि मेघनाथ सिदार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा का एक माध्यम है। जिसके आधार पर व्यक्तित्व का विकास होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयंसेवक सेवा कार्य करने के लिए तत्पर रहता है और इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक एवं राष्ट्रीय स्तर के जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस योजना में जुड़ने वाला स्वयंसेवक स्वयं से पहले दूसरे के प्रति कार्य करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पी साहू ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना एक बहुस्तरीय मंच है जहां पर व्यक्ति के प्रतिभा एवं कला को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। स्वामी विवेकानंद ऐसे युग पुरुष थे जो समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए सतत प्रयत्नशील रहते थे। मानव जीवन का उद्देश्य समाज सेवा करना होता है और जीवन में विवेकपूर्ण ज्ञान का आनंद होने पर व्यक्ति विवेकानंद जैसा बन जाता है। विवेकानंद के आदर्श एवं सिद्धांत को सरकार ने स्वीकार



करते हुए 24 सितंबर 1969 को महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना किया गया। आज बहुत ही संयोग है कि 2024 में 24 सितंबर को ही राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी के रूप में किए गए कार्यों एवं अनुभवों को स्वयंसेवकों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा संदेश है। जिसमें गांव के साथ-साथ शहर को भी स्वामी विवेकानंद के संदेश को पहुंचना होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में बहुत ही सागगर्भित तरीके से अपने विचार व्यक्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना एक अनुशासित संगठन है और अनुशासन से ही व्यक्ति महान बनता है। ऐसे संगठन में जुड़कर स्वयंसेवक समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए अपना योगदान देता है और विद्यार्थी जीवन में अनुशासन से प्रेरित होकर कठोर परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। आज स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को नई प्रेरणा देने के लिए कारगर साबित हो रहा है। ऐसे युग पुरुष के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने से ही भारत की वैभवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखा जा सकता है। स्वामी विवेकानंद एक समाज सुधारक होने के साथ-साथ एक दार्शनिक एवं महान युग दृष्टा थे जो भारतीय धर्म और संस्कृति को विश्व धर्म सम्मेलन में प्रतिष्ठापित करने में याद किए जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक गायत्री मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्राची गुप्ता ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा, सहायक प्राध्यापक देवेंद्र कुमार मांझी, नरेश कुमार जगत, पीतांबर बाघ, राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक सेतकुमार कोसरिया, दलनायक प्रेम सुंदर पटेल उपदलनायक डिग्री लाल मिरी, शिविर संगठक हर प्रसाद देवांगन, उपदल नायक प्रज्ञा दास, कामिनी पटेल, सुमन पटेल, राहुल चौहान सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पोषण युक्त आहार लेने से ही शरीर स्वस्थः नबीना



**सरायपाली।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सेक्टर सिंघोड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र पतेरापाली में ग्राम के हितग्राही और स्कूली बच्चों द्वारा पोषण माह के अंतर्गत पोषण रैली निकाली गई पोषण माह जन जागरूकता के नारे लगवा कर गांव का भ्रमण किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर नबीना टांडिल्य के द्वारा पोषण संदेश गया कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों को बताया गया कि पोषण युक्त आहार लेने से शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है और यह पोषण युक्त आहार हमारे आसपास के परिवेश में ही हमें आसानी से मिल जाती है लेकिन इसकी जानकारी के अभाव के कारण हम आहार में शामिल करने में असमर्थ रहते हैं मौसमी फल या सब्जियों का आवश्यकता अनुसार भरपूर मात्रा में खाने में उपयोग करना चाहिए। साथ ही स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए अच्छा पोषण स्वास्थ्य को बनाए रखना बीमारियों को रोकने और बेहतर जीवन के लिए महत्व पूर्ण है विभागीय योजना के बारे में भी हितग्राहियों को बताया गया ताकि पात्र हितग्राही सही समय पर लाभ ले सकें।

### आंदोलन में फेडरेशन की कोई सहभागिता नहीं

महासमुंद। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के 27 सितम्बर 2024 के प्रस्तावित आंदोलन में छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ 079/2001 की कोई सहभागिता नहीं है। अतः लिपिक हितों को ध्यान रखते हुए कोई लिपिक फेडरेशन के किसी भी प्रकार के आंदोलन में सहभगीता नहीं रखें। छत्तीसगढ़ लिपिक शासकीय कर्मचारी संघ 27 सितंबर 2024 को हड़ताल पर नहीं रहेगें। यह जानकारी जिला सचिव संदीप तिवारी ने दी है।

## ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने निकाली मशाल रैली



नर्रा। पोषण माह कार्यक्रम के तहत बागबाहरा परियोजना के पटपरपाली सेक्टर के गांवों में परियोजना अधिकारी मीना चन्द्राकर के निर्देशन व पर्यवेक्षक भावना गुप्ता के नेतृत्व में पटपरपाली सेक्टर के ग्राम चंदरपुर, टेमरी, कुसमी, मातगुड़ा आदि गांवों के जनप्रतिनिधि महिलाएं व किशोरी बालिकाओं सहित हाथ में मशाल लेकर जागरूक मशाल रैली निकाली गई।

## महाविद्यालय में विभागीय शोध समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राजनीति विज्ञान विभाग शोध केंद्र में 23 सितंबर 2024 मंगलवार को विभागीय शोध समिति ( डीआरसी) की बैठक पीएचडी पूर्व प्रस्तुतीकरण के लिए रखी गई। शोध समिति के सदस्य राजनीति विज्ञान विषय विशेषज्ञ डॉ. अजय चंद्राकर विभागाध्यक्ष दुर्गा महाविद्यालय रायपुर, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डॉ. अनुसुइया अग्रवाल डी.लिट डीआर सी शोध समिति चेयरमैन तथा डॉ. मालती तिवारी शोध निर्देशक विभागाध्यक्ष, डॉ रीता पांडे शोध संवर्धन समिति सदस्य व कला संकाय प्रमुख, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य, डॉ सीमा रानी प्रधान सदस्य शोध संवर्धन समिति, डॉ अजय देवांगन शोध संवर्धन समिति सदस्य व विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विभाग की उपस्थिति में 02 शोधार्थी अनिता अनंत ने घरेलू हिंसा एवं मानवाधिकार, एक विश्लेषणात्मक अध्ययन ( रायपुर ज़िले के महिलाओं के विशेष संदर्भ में ) एवं टुपेश कुमार कोसमा ने कांकेर ज़िला में अनुसूचित जनजाति महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण एवं पंचायती राज व्यवस्था ( भानुप्रतापुर विकासखंड के विशेष संदर्भ में ) तथा शोधार्थी महेन्द्र कुमार साहू द्वारा शोध रूपरेखा प्रस्तुतीकरण हुआ।



## खो-खो खेल के तहत हुआ14 वर्ष बालक-बालिका का मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

24वें राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता महासमुंद में खो-खो खेल के अंतर्गत 14 वर्ष बालक बालिका का मैच हुआ। पहला मैच बालक वर्ग में रायपुर विरुद्ध सरगुजा हुआ। जिसमें रायपुर जोन ने 18-17 से यह मैच जीते। द्वितीय मैच बालिका वर्ग में रायपुर विरुद्ध सरगुजा के मध्य हुआ, जिसमें रायपुर ने यह मैच 26-1 से विजय हासिल किया। तृतीय मैच बालक वर्ग में बिलासपुर और दुर्ग के मध्य हुआ। जिसमें दुर्ग ने यह मैच दुर्ग ने यह मैच एक परी और एक अंक से जीत हासिल किया। चौथा मैच



बालिका वर्ग में बिलासपुर विरुद्ध दुर्ग के मध्य हुआ। जिसमें बिलासपुर में यह मैच 16-15 से विजय हासिल किया पांचवा मैच वाला रायपुर बस्तर के मध्य हुआ जिसमें बस्तर ने यह मैच 19-4 से जीते छठवां मैच बालिका वर्ग में रायपुर विरुद्ध बस्तर के मध्य हुआ। जिसमें बस्तर में यह मैच 13-0 से जीत हासिल किया। सातवां मैच बालक वर्ग में सरगुजा विरुद्ध बिलासपुर के मध्य हुआ। जिसमें सरगुजा ने यह मैच 21-16 से अपने नाम किया। आठवां मैच बालिका वर्ग में सरगुजा विरुद्ध बिलासपुर के मध्य हुआ। जिसमें बिलासपुर ने यह 13-0 से जीत हासिल किया।

यह जानकारी खो-खो खेल के संयोजक हीरेंद्र कुमार साहू एवं सहसंयोजक हिरेंद्र कुमार देवांगन ने जानकारी प्रदान किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, शोभा दीवान ने खिलाड़ियों को सुभाषिश प्रदान किए और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दिए।

### किसानों को प्रताड़ित करने वाले पूर्व विधायक, भाजपा को नसीहत न दें: डॉ. चोपड़ा

महासमुंद। पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर वक्तव्य को बेतुकी बयानबाजी बताते हुए कहा कि जानकारी होनी चाहिए कि ओलावृष्टि मार्च 2023 को हुई। इस दौरान क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक विनोद चंद्राकर ही थे। उनके पास



सात माह का समय था। चाहते तो राशि स्वीकृत करवा सकते थे। उस समय विनोद चंद्राकर क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने के बजाए मौन रहे। और भाजपा नेताओं द्वारा क्षतिपूर्ति राशि की मांग करने पर किसानों को क्षतिपूर्ति ना मिले, इसके लिए अड़ंगा डालते रहे। वह पहले अपने गिरेबान में झांक के देख ले, उसके बाद सरकार के ऊपर आरोप लगाएं। किसानों को प्रताड़ित करने वाले विनोद चंद्राकर आज भाजपा सरकार में किसान हितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं।

### शेर स्कूल में मनाया गया एनएसएस दिवस

**महासमुंद।** शासकीय उच्च माध्यामिक विद्यालय शेर में प्राचार्य एसबी लाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी रिचा पटेल द्वारा एनएसएस दिवस मनाया गया एवम् पूर्व स्वयं सेवकों को ए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र में पुष्प गुच्छ अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और उनके उद्देश्यों का बच्चों के जीवन पर प्रभाव, नैतिक जिम्मेदारियों, सेवा एवं श्रम से राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन ऋतु साहू, झरना ओगरे ने किया आभार भुवन साहू ने किया। कार्यक्रम में संस्था व्याख्याता दिलीप छत्रे, टोहन देवांगन, शोभा दीवान, रेणुका शर्मा, हितेंद्र कुमार शर्मा, नरेश विश्वकर्मा, रोहित मिश्रा, होश सिन्हा, कोमल साहू, डोमेश्वरी साहू, खेमीन चंद्राकर, आशा सिन्हा, मधुमती डहरिया, सुषमा साहू, दिव्या ताम्रकार, मोनिका मोंगरे, उमाशंकर पटेल, दिनेश सोनी, दीपक शर्मा, सलिल चौधरी, हेमा नेताम, संगीता तांडेकर, समीम कौसर, पद्मा दीवान, मितेश श्याम, रेणुका मिश्रा, शीतल साहू, गायत्री सेन सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### खल्लारी में युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



महासमुंद। नेहरू युवा केंद्र महासमुंद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) मेरा युवा भारत महासमुंद द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक जिले के विभिन्न विकासखण्डों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों में जागरूकता लाना है। और उसके साथ देश को स्वच्छता की ओर ले जाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान विभिन्न युवा युक्ति मंडल द्वारा चलाए जा रहा है। ग्राम खल्लारी में खल्लारी माता मंदिर के आसपास के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिले को स्वच्छ बनाने का प्रण लिया गया। इसमें युवा मित्र मंडल खल्लारी के देवेंद्र कुमार दीवान और उनके युवा मंडल के साथियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## राहुल के बयान से कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा उजागर: राकेश

**महासमुंद।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश चंद्राकर ने कहा कि अमेरिका में आरक्षण समाप्त करने की बात कहकर राहुल गांधी ने कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरा को उजागर कर दिया है। अपने आपको दलित, पिछड़ों के हितैषी बताने वाले कांग्रेसी नेता आज आरक्षण को खत्म करने की बात कह रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरक्षण को खत्म कर देने की बात कही है।

लोकसभा चुनाव के पूर्व यही राहुल गांधी भाजपा पर संविधान व आरक्षण को खत्म करने का आरोप चुनावी सभाओं में लगाते रहे। और आज खुद विदेशों में जाकर आरक्षण को समाप्त करने पर बल दे रहे हैं। राहुल गांधी आरक्षण को लेकर देश



मंक अलग बयान देते हैं, व विदेश में अलग। जबकि, इसके विपरीत केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की विष्णुदेव सरकार द्वारा गरीबों के सपने पूरे करने का काम किया जा रहा है। भाजपा तब भी और अब भी यही कहता आ रहा है कि जब तक भाजपा की सरकार केंद्र में है, तब तक बाबा साहेब की संविधान व आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता। भाजपा गरिबों, शोषित, दलित, पिछड़ों के हक व अधिकार को ध्यान में रखकर काम कर रही है। जिससे भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि ये आरक्षण को समाप्त करने के पक्ष में हैं। इससे पूर्व 1990 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मंडल, आयोग की रिपोर्ट को रद्द कर दिया था और लोकसभा में ओबीसी समुदाय को आरक्षण देने से इंकार कर दिया था। इसी तरह इंदिरा गांधी ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इंदिरा ने अपने कानून मंत्री शिवशंकर को एक एटीआर तैयार करने कहा था जिसमें आरक्षण को समाप्त किया जा सके।




